भाषा अध्ययनशाला
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः

दिनांकः 19.08.2013

प्रति,

क्षेत्रीय प्रबन्धक
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया,
ग्वालियर

माध्यम

जे.पी. सिंह, शाखा प्रबन्धक,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया,
ग्वालियर

विषय :- राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी (हिन्दी) के आयोजन में सहयोग हेतु।

महोदय

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के हिन्दी विभाग द्वारा राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 30 एवं 31 अगस्त 2013 को गालव सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में लखनऊ, भोपाल, आगरा, दिल्ली आदि स्थानों के विद्वान हिन्दी के प्रयोगवादी कवि अज्ञेय एवं शमशेर बहादुर पर शोध आलेख प्रस्तुत करेंगे। जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों से हिन्दी के लगभग 150 विद्वान सहभागिता करेंगे। इस शोध संगोष्ठी के माध्यम से हिन्दी के क्षेत्र में अनेकानेक दिशा निर्देशन की सम्भावनाएँ हैं। इस अवसर पर हमारा निवेदन यह है कि आपके बैंक से इस राष्ट्रीय संगोष्ठी हेतु कुछ सहयोग प्रदान किया जा सके तो आपके बैंक को हिन्दी सेवा का अवसर प्राप्त होने के साथ-साथ हमें आयोजन के लिए कुछ अधिक सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। आपका सहयोग निम्नानुसार दिया जा सकता है।

1. लगभग 150 संगोष्ठी के सहभागियों को 1 बार का भोजन।
2. एक दिवस की स्वल्पाहार व्यवस्था।
3. राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में प्रतिभागियों को सेमिनार किट।

भवदीय

संगोष्ठी निदेशक
(डॉ. अन्नपूर्णा भदौरिया)

(प्रो. एस.के. द्विवेदी)
समन्वयक
भाषा अध्ययनशाला
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

भाषा अध्ययनशाला (हिन्दी विभाग)

राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, दिनांक : 30 एवं 31.8.2013

प्रति,

प्रो0/डॉ0/श्रीमती ....

....

....

जीवाजी विश्वविद्यालय का हिन्दी विभाग दिनांक 30 एवं 31 अगस्त, 2013 को द्वि-दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है। इस संगोष्ठी का विषय है-

(1) प्रयोगवादी कवि अज्ञेय एवं उनका जीवन-दर्शन

अथवा

''इतने पास अपने'' शमशेर का काव्य-शिल्प

इस विषय पर लिखने के साथ-साथ निम्न बिन्दुओं पर भी शोध आलेख लिखा जा सकता हैं-

(I) अज्ञेय का उपन्यास साहित्य

(II) प्रयोगवाद के प्रवर्त्तक अज्ञेय

(III) अज्ञेय की भाषा-शैली

(IV) शमशेर की शमशेर, उनकी रचनाएँ

(V) शमशेर रचनाओं में शिल्प-वैविध्य

(VI) सहज संवेदनाओं के कवि शमशेर

- ❖ राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में पंजीयन शुल्क रु0 500/- होगा तथा शोधार्थियों के लिए रुपये 200/- रहेगा।
- ❖ संगोष्ठी के लगभग 1 माह पश्चात् शोध-आलेखों का पुस्तकाकार प्रकाशन भी होगा।
- ❖ प्रकाशित शोध-आलेखों का चयन विद्वानों की चयन समिति के माध्यम से किया जायेगा।
- ❖ राष्ट्रीय शोध-संगोष्ठी में आने वाले विद्वानों के लिए विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में भोजन व्यवस्था रहेगी।
- ❖ समस्त प्रतिभागियों की भोजन-व्यवस्था विश्वविद्यालय की ओर से होगी।
- ❖ विश्वविद्यालय के नियमानुसार बाहर से आने वाले को यात्रा-व्यय देय होगा।

// कार्यक्रम – विवरण //

दिनांक : 30.08.2013

प्रातः 10:00 बजे पंजीयन, 11:00 बजे उद्‌घाटन सत्र

मध्यांह् : 12 बजे – पेय एवं स्वल्पाहार

स्थान : गालव सभागार (जीवाजी विश्व., ग्वालियर)

1:00 बजे : तकनीकी सत्र (प्रथम)

2:00 बजे : भोजन

स्थान : भाषा अध्ययनशाला (जीवाजी विश्व.,ग्वालियर)

अपरान्ह् 3:00 बजे से 5:00 बजे तक : तकनीकी सत्र (द्वितीय)

दिनांक 31.8.2013 (भाषा अध्ययनशाला, जे0यू0, ग्वा0)

प्रातः 10 बजे : स्वल्पाहार

11 बजे से 1 बजे तक : शोध–आलेख वाचन एवं अतिथि वक्ताओं का उद्‌बोधन

(तृतीय सत्र)

2:00 बजे से 2:30 तक : चाय / कॉफी

3:00 बजे से समापन

कृते प्रो. एस. के. द्विवेदी
(समन्वयक भाषा अध्ययन शाला)

डॉ0 अन्नपूर्णा भदौरिया
(संगोष्ठी निदेशक)